उद्यमी संवाद कार्यक्रम एवं पुरुषार्थ भवन के लोकार्पण समारोह में माननीय अध्यक्ष का सम्बोधन

"द स्मॉलस्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन" द्वारा आयोजित उद्यमी संवाद में पधारे कोटा के सभी उद्यमियों का हार्दिक अभिवादन।

आज आपके एसोसिएशन के नए भवन का लोकार्पण भी है और इंडस्ट्रीज़ की डायरेक्टरी"स्मारिका" का विमोचन कार्यक्रम भी है। इस अवसर पर मैं आपको बहुत शुभकामनाएं देता हूँ।

मैं अक्सर आपके कार्यक्रमों में आता रहता हूँ। आपके एसोसिएशन के लोगों से मिलता रहता हूँ। आपकी चिंताऐं, आपके विषयों का मुझे ध्यान है। रेगुलर तौर पर आपके फीडबैक मुझे मिलते हैं, और फिर उस आधार पर मैं आगे आपके हित के लिए कार्यवाही करता हूँ।

आप कोटा की आर्थिक समृद्धि का आधार हैं। 21वीं सदी का भारत जिस ऊंचाई को प्राप्त करेगा, उसमें आप सभी की भूमिका बहुत अहम है।आपने अपने व्यवसाय में अपने टेलेंट, अपने परिश्रम, अपनी स्किल; इन सबको लगा करके एक नई दुनिया खड़ी कर दी है।

आपमें से हर एक के पास अपना अनुभव है, अपना एक साहस है, आप ने अपनी आंखों के सामने अपनी प्रतिष्ठा को बनते देखा है। आपके बीच होना, आपसे बातचीत करना मेरे लिए हमेशा ही बड़ा सुखद अनुभव रहता है।

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैःयानि उद्यम करने से ही सिद्धि मिलती है, सिर्फ सोचते रहने से कुछ नहीं होता। निश्चित रूप से आप प्रतिष्ठित जनों के उद्यम से ही आत्मनिर्भर भारत अभियान को सिद्धि मिलेगी, भारत सशक्त होगा।

उद्यमी भारत की सिद्धि और आत्मनिर्भर भारत की प्राण शक्ति आपके पुरुषार्थ पर निर्भर है।

स्मॉल इंडस्ट्रीज़ के लिए मैं अक्सर कहता हूँ कि आप देश के ग्रोथ इंजन हैं। आप जो परिश्रम करते हैं, उसका परिणाम सिर्फ आपको ही नहीं मिलता, बल्कि आपके प्रयासों से हमारा कोटा, प्रदेश और देश भी सशक्त

होता है। कोटा कोई बहुत बड़ा क्षेत्र नहीं है, लेकिन यहाँ के उद्योग - व्यापार ने देश में बड़ा महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहाँ के उद्योग – यहाँ के व्यापारियों ने कोटा का नाम रोशन किया है।

प्रिय साथियो, विश्व और भारत का व्यापार क्षेत्र इस समय बहुत ही क्रांतिकारी दौर से गुज़र रहा है। अब सरल उत्पाद और सीधे सीधेमैन्यफैक्चरिंग के दिन सिमटते जा रहे हैं। आज के समय में प्रौद्योगिकी, प्रतिभा, तकनीकी और नवाचार का महत्व बढ़ा है।

आज आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का दौर आया है। डिजिटलीकरण हर क्षेत्र में छाया हुआ है। परिवर्तन की यह लहर अभूतपूर्व है और व्यापक है।आज हर क्षेत्र में हम तकनीक का प्रयोग कर बेहतर कर पा रहे हैं। हम production और मैन्यफैक्चरिंग के नए दौर से गुजर रहे हैं। इस परिवर्तन को आज उद्योग 4.0 (industry4.0) कहा जा रहा है।

हमें इस बदलते समय के साथ अपने आप को बदलना है। अपना विकास करना है। तकनीक का उपयोग कर किस तरह से साधारण मानवी के जीवन में बदलाव लाया जा सकता है, किस तरह से हम देश और प्रदेश के विकास में और अधिक योगदान दे सकते हैं; हमें अपने इस हुनर पर काम करना है।

आज लेन-देन के लिए डिजिटल पेमेंट उपलब्ध है। टैक्स फाइलिंग के लिए ई-फाइलिंग की सुविधा है। बैंक में लोन से लेकर सरकारी प्रक्रिया में किसी कार्यवाही तक ऑनलाइन प्रणाली है। प्रोडक्ट बेचने के लिए ऑनलाइन पोर्टल हैं। हम इन तरीकों का उपयोग कर अपने बिजनेस को इक्स्पैन्ड कर सकते हैं।

मैं आपको एक इग्ज़ैम्पल देता हूँ, GeM (Government E-Marketplace)। आज GeM के माध्यम से सरकार को सामान और सेवाएं मुहैया कराने के लिए MSMEs को बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म मिल चुका है। मैं सभी आप साथियों से और आपके माध्यम से आपके सभी एसोसिएशन को MSME's सेक्टर में हों, छोटे-छोटे लोग, आप GeM पोर्टल पर रजिस्ट्री करवा ही दीजिए। सरकार को कोई भी सामान खरीदना होता है, कोई भी ऑर्डर देना होता है, तो पहले **GeM** पर उसके लिए विक्रेता देखा जाता है।

आज पूरी दुनिया भारत की अर्थव्यवस्था की गति को देखकर प्रभावित है, और इस गति में बहुत बड़ी भूमिका हमारे MSME सेक्टर की है। आज भारत जितना निर्यात कर रहा है, उसमें बहुत बड़ा हिस्सा MSME सेक्टर का है। इसलिए MSME आज Maximum Exports के लिए जरूरी

हैं। MSME सेक्टर को मजबूती देने के लिए पिछले 9 साल में भारत सरकार ने बजट में 650 प्रतिशत से ज्यादा की बढोतरी की है।

आज देश में 11करोड़ से अधिक लोग MSME सेक्टर से डायरेक्ट या इन-डायरेक्ट रूप से जुड़े हुए है। भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग एक तिहाई हिस्सेदारी MSME सेक्टर की है। आसान शब्दों में कहूं तो भारत आज अगर 100 रुपए कमाता है, तो उसमें 30 रुपए MSME सेक्टर की वजह से आते हैं।

MSME सेक्टर को सशक्त करने का मतलब है, पूरे समाज को सशक्त करना, सबको विकास के लाभ का भागीदार बनाना, सबको आगे बढ़ाना।

पिछले इन वर्षों में कोटा ने तरक्की के नए आयाम छुए हैं, और इसमें आप लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसीलिए आज आपके इस सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए आपके अनुकूल निर्णय लिए जा रहे हैं। नई नीतियां बन रही हैं।

कोटा में आज इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, रेलवे लाइन, स्टेशन, नई रेल से लेकर नए हाइवे बन रहे हैं। कोटा में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। मैं आप सभी से आह्वान करता हूँ कि इन अवसरों का लाभ उठाएं।

कोटा में नए एक्सप्रेस वे के बनने से सभी को लाभ होगा। उद्योगों को इससे विशेष लाभ होगा। उत्पाद का आयात-निर्यात इससे सरल होगा।

हमारा एक्सपोर्ट लगातार बढ़े, हमारे प्रॉडक्ट्स नए बाजारों में पहुंचें इसके लिए हमारे इंडस्ट्रीसेक्टर का सशक्त होना बहुत जरूरी है। मुझे विश्वास है कि आप समर्थ उद्यमी अपने उद्यम, अपने परिश्रम, क्षमता और सामर्थ्य से कोटा-बूंदी में प्रगति का नया अध्याय लिखेंगे। आप निरंतर अपने व्यवसाय और हाड़ौती के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। इसी संदेश के साथ आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं। धन्यवाद, जय हिंद।